RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 143 • 05:06:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## बहुमत के आंकड़े से दूर बीजेपी

बनेगी गठबंधन की सरकार

### ● सहयोगी रहेंगे हावी, सत्ता की चाबी नीतिश और नायडू के पास रहेगी

● जातिगत जनगणना और मुस्लिम आरक्षण का दबाव बनाएंगे सहयोगी ● अब धरा रह जाएगा बीजेपी का कोर एजेंडा, यूपी ने दिया बड़ा झटका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में एक बार फिर एग्जिट पोल ध्वस्त हो गए। 2004 की तरह इस बार के परिणाम उलटे निकले। एक दशक बाद फिर से गठबंधन की सरकार का दौर लौट आया है। 370 का नारा देने वाली बीजेपी 272 का आंकड़ा नहीं छू पाई, 241 पर ही सिमटती नजर आ रही है। राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा में बीजेपी आधी से भी कम हो गई।

| NDA | INDIA | OTH |
|---|---|---|
| 293 | 234 | 16 |

तमिलनाडु और पंजाब में खाता भी नहीं खुला। ओडिशा और तेलंगाना ने लाज बचा ली। नीतिश कुमार और चंद्रबाबू नायडू अब नई सरकार के किंगमेकर बनकर उभरे हैं। कुल मिलाकर एनडीए गठबंधन सत्ता के करीब तो पहुंच गया मगर पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनने से गठबंधन का खेल फिर शुरू हो गया। पूर्ण बहुमत से 33 सीटें कम रही बीजेपी सरकार हार वाली फीलिंग के साथ ही सरकार बनाएगी।

### एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बनना तय...: पीएम मोदी

#### मैं सभी देशवासियों का ऋृणी हूं- मोदी

**नईदिल्ली।** एनडीए की जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में संबोधन की शुरुआत नरेंद्र मोदी ने 'भारत माता की जय' और 'जय जगन्नाथ' से की. पीएम ने कहा- आज बड़ा मंगल है. इस पावन दिन एनडीए लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रहा है. पीएम ने कहा, हम जनता जनार्दन के बहुत आभारी हैं. पीएम मोदी बोले- जनता ने देशवासियों का विश्वास जताया है। पीएम मोदी ने चुनाव आयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है. पीएम मोदी ने कहा, यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है. ये भारत के संविधान पर अटूट निष्ठा की जीत है. ये विकसित भारत के प्रण की जीत है. ।ये 'सबका साथ-सबका विकास' के इस मंत्र की जीत है. यह 140 करोड़ भारतीयों की जीत है।

## राहुल बोले- रिजल्ट कह रहा, देश अब मोदी-शाह को नहीं चाहता

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में खड़गे ने कहा-भाजपा ने एक व्यक्ति के नाम पर वोट मांगे, यह उनकी हार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सोनिया गांधी सामने आए हैं। कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि हम यह लड़ाई सिर्फ मोदी से नहीं थी बल्कि संस्थाओं से भी थी। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में



पहले से ही था कि हिन्दुस्तान की जनता अपने संविधान के लिए खड़ी होगी। इन लोगों ने जब हमारे खाते सीज किए और मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला तो हमें यह यकीन हो गया था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके साथ सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी थीं। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन जहां भी लड़ा, वहां एकता के साथ मुकाबला हुआ। इंडिया अलायंस ने देश के सामने अपना विजन रखा है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने आरक्षण पर हमला किया था। आपने अडानी के स्टॉक्स देखे होंगे।

### खरगे बोले-

● **अब यकीन है कि संविधान बचा रहेगा-** खरगे ने कहा कि लोगों को यह विश्वास हो गया था कि यदि नरेंद्र मोदी को एक और मौका मिला तो अगला हमला संविधान पर होगा। अब हमें यकीन है कि इस षड्यंत्र में भाजपा सफल नहीं हो पाएगी। इस जीत का क्रेडिट खरगे ने राहुल गांधी को दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की दोनों यात्राओं के दौरान लाखों लोग जुड़े थे। सभी एक साथ मिलकर एक स्वर में रहे और मिलकर प्रचार किया था। हमारे इस कैंपेन को लंबे समय तक याद किया जाएगा।

## मंडी सीट पर कंगना रनौत की बड़ी जीत

### ● विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से दी मात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बड़ी खबर सामने आ रही है। मंडी से बीजेपी की तरफ से मैदान में उतरीं कंगना रनौत ने भारी मतों के साथ जीत दर्ज की है। सामने आ रहे आंकड़ों के मुताबिक, कंगना रनौत ने कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 70 हजार से अधिक वोटों से मात दी है। गौरतलब है कि मंडी शुरुआत से ही हाई प्रोफाइल सीट बनी हुई थी। इस सीट पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हालांकि, अब नतीजें साफ हो चुके हैं। बता दें कि 1951 से अभी तक मंडी सीट पर 17 बार लोकसभा चुनाव हुए हैं, जिसमें 11 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

## ओडिशा में 24 साल का पटनायक राज खत्म

### बीजेपी 80 सीटों पर जीती, आंध्र में एनडीए सरकार, 165 सीटें जीती

**भुवनेश्वर/अमरावती (एजेंसी)।** ओडिशा में 24 साल से सत्ता में काबिज नवीन पटनायक के हाथ से सत्ता जाती दिख रही है। अब तक के रुझान में बीजेपी 147 में से 80 सीटों पर आगे चल रही है। एग्जिट पोल में बीजेपी और बीजेडी में कांटे का मुकाबला बताया गया था। पोल में नवीन पटनायक की बीजेडी और भाजपा को, दोनों को 62-80 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। वहीं, आंध्र प्रदेश में एनडीए (भाजपा, टीडीपी और जन सेना पार्टी) सरकार बनाता दिख रहा है। मौजूदा सीएम जगन मोहन रेड्डी की वायएसआरसीपी को खासा नुकसान हो रहा है। एग्जिट पोल में भी इस बार सत्ता बदलने का अनुमान जताया गया था। 5 एग्जिट पोल में एनडीए तो दो में सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार बनते दिख रही है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी 2019 से सत्ता में हैं। जगन मोहन ने पिछली बार 151 सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की थी। ' टीडीपी और



बीजेपी के बीच असहमति मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी रही है। टीडीपी ने चुनाव प्रचार के दौरान हिंदू बहुसंख्यकों को रिझाने के लिए मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। वहीं चंद्रबाबू नायडू ने प्रचार के दौरान कहा कि वह शुरू से ही मुस्लिमों के लिए 4 फीसदी आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं। 29 अप्रैल 2024 को नायडू ने एक जनसभा में यह भी कहा कि सरकार आने पर हज यात्रियों को एक लाख रुपए दिए जाएंगे। आंध्र प्रदेश टीडीपी के अंदर भी एक खेमा बीजेपी के साथ गठबंधन से नाराज था। द हिंदू की एक खबर के मुताबिक खुले मंच पर पार्टी के नेताओं ने कहा कि बीजेपी से समझौता टीडीपी की वैचारिक ताकत के खिलाफ है। आज की स्थिति में बीजेपी के लिए टीडीपी का साथ जरूरी है, खबर आ रही है कि मोदी ने नायडू से फोन पर बात की है। देखना है कि सरकार बनाने के लिए समर्थन के बदले टीडीपी कौन सी शर्तें रखती है।

## एमपी में भाजपा की रही सुनामी, सभी सीटें जीती

### इंदौर में शंकर लालवानी ने दर्ज की देश में सबसे बड़ी जीत

#### छिंदवाड़ा में 26 साल बाद भाजपा की जीत, लहराया परचम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर काउंटिंग संपन्न हो गई है। भोपाल, इंदौर, गुना, टीकमगढ़, मंदसौर और खजुराहो समेत भाजपा सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। राजगढ़ में भाजपा कैंडीडेट से पीछे चल रहे दिग्विजय सिंह ने दो जगह काउंटिंग रुकवा दी। इंदौर में भाजपा के शंकर लालवानी 11 लाख की लीड के साथ देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। छिंदवाड़ा में भाजपा 26 साल बाद जीत दर्ज की है। बीजेपी ने सभी 29 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि 27 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी की जीत लगभग सुनिश्चित हो गई है। भाजपा



कार्यालय में जश्न शुरू हो गया है। नेता और पदाधिकारी भारती पारधी को बधाई दे रहे हैं।

## भाजपा के साथ आते ही 'रोशन' हुआ चिराग

### ● बिहार में चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहा

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के रुझान अगर नतीजों में तब्दील हुआ तो चिराग पासवान का स्ट्राइक रेट 100 फीसदी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी का साथ मिलते ही रामविलास पासवान का चिराग रोशन हो गया। इससे लोक जनशक्ति पार्टी के असली वारिस का भी फैसला



होता दिख रहा है। बिहार में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पांच सीटों पर चुनाव लड़ी है और काउंटिंग में सभी सीटों पर एलजेपीआर के कैंडिडेट आगे चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे चौंकाने वाले आते दिख रहे हैं। एनडीए के उम्मीद के मुताबिक देश में रिजल्ट नहीं आ रहा है। यूपी में बीजेपी को काफी नुकसान होता दिख रहा है। बिहार में भी बीजेपी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं दिख रहा है। यहां पर एनडीए को को करीब 31 सीटें मिलती दिख रही हैं। इनमें चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (रामविलास) को काफी फायदा हुआ है।

## नागौर में डंके की चोट पर जीते हनुमान बेनीवाल

### बीजेपी प्रत्याशी ज्योति मिर्धा ने लगाया हार का 'चौका'



**नागौर (एजेंसी)।** राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार हनुमान बेनीवाल ने बड़ी जीत दर्ज की है। बेनीवाल ने भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को 52,341 मतों से पराजित किया। पिछले चुनाव में हनुमान बेनीवाल भाजपा के समर्थित प्रत्याशी थे जबकि इस बार उन्होंने भाजपा से नेता तोड़ लिया और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया। कांग्रेस से गठबंधन करने के बाद बेनीवाल को एक बार फिर नागौर से बड़ी जीत हासिल हुई है। हनुमान बेनीवाल लगातार दूसरी बार लोकसभा सांसद बने हैं। अब एक बार फिर लोकसभा में हनुमान बेनीवाल की दहाड़ गूंजेगी। पिछले कार्यकाल के दौरान हनुमान बेनीवाल 3 साल तक भाजपा के साथ रहे लेकिन बाद में केंद्र सरकार की ओर से तीन कृषि कानून लाए जाने के बाद हनुमान बेनीवाल ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ दिया था। इस बार की लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के साथ कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया था।

## बाजार 5.74 फीसदी टूटा, निवेशकों के 31 लाख करोड़ डूबे

● सेंसेक्स 4389 अंक गिरकर 72,079 पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन आज यानी, 4 जून को सेंसेक्स 4389 अंक (5.74 फीसदी) की गिरावट के साथ 72,079 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 1,379 अंक (5.93 फीसदी) की गिरावट रही, ये 21,884 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 शेयरों में तेजी रही। बीएसई और एनएसई के शेयरों में करीब 15 फीसदी की गिरावट रही। पावर ग्रिड के शेयर 12 फीसदी से ज्यादा नीचे है। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में करीब 5.74 फीसदी की तेजी रही। सभी सेक्टोरल इंडेक्स में गिरावट रही। निफ्टी एस बैंक इंडेक्स 15.14 फीसदी टूटा है।

## मोदी का दबदबा तो दिखा लेकिन... कमजोर रही जीत

### भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजों पर बोला विदेशी मीडिया

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत में हुए लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे काफी हद तक साफ हो गए हैं। भाजपा और सहयोगी दल बहुमत के 272 के आंकड़े को पार कर गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी भारतीय चुनाव पर रिपोर्ट कर रहा है। दुनिया के कई देशों के मीडिया ने चुनाव नतीजों पर कमेंट किया है। बीबीसी न्यूज ने कहा है कि नतीजों में मोदी की बड़ी चुनावी जीत की उम्मीदें धूमिल हुई हैं। यूके से स्काईन्यूज ने कहा कि बीजेपी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। दूसरे देशों से भी चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। सीएनएन ने अपनी



रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में सत्ताधारी भाजपा की निगाहें तीसरी बार सरकार बनाने पर है।

अखबार कहता है कि विवादों के बावजूद नरेंद्र मोदी भारत के लोकप्रिय नेता हैं। पाकिस्तान के अखबार डॉन ने लिखा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले गठबंधन को स्पष्ट बहुमत लेकिन विपक्षी दलों का भी शानदार प्रदर्शन। बीबीसी इंग्लिश ने कहा है कि भारत में चुनाव नतीजों में भाजपा की बड़ी जीत की उम्मीदों को झटका। निकी एशिया कहता है कि नरेंद्र मोदी बहुमत की ओर, विपक्षी दलों का गठबंधन पिछड़ा।

बदल गई कश्मीर की हवा

## लोकसभा चुनावों में उमर और महबूबा दोनों हारे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हुए पहले संसदीय चुनावों में राज्य की सियासी हवा बदलती नजर आ रही है। सात चरणों में हुए लोकसभा चुनावों की आज हो रही मतगणना में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री हार की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। जम्मू-



कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ पीडीपी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से एक लाख 74 हजार 664 वोटों से आगे हैं। महबूबा के लिए यह बड़ा अंतर है। दूसरी तरफ नेशनल कांफ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी बारामूला सीट पर पिछड़ते दिख रहे हैं। इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद उनसे करीब 89000 वोटों से आगे चल रहे हैं। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें बारामूला लोकसभा सीट से जीतने की उम्मीद थी।

## नासिक में एयरफोर्स का सुखोई क्रैश, खेत में गिरा

● दोनों पायलट सुरक्षित, ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के पास था विमान

**नासिक (एजेंसी)।** वायुसेना का लड़ाकू विमान सुखोई मंगलवार को नासिक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ओवरहॉलिंग के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के पास था। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डीआर कराले ने बताया कि सुखोई विमान के पायलट और को-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव के पास एक खेत में



गिरा। राजस्थान के पोकरण में हुए भारत शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल तेजस फाइटर जेट 27 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे क्रैश हो गया था। यह जैसलमेर शहर से 2 किमी दूर जवाहर नगर स्थित भील समाज के हॉस्टल पर जा गिरा। तेजस के क्रैश होने की यह पहली घटना थी। घटना के समय हॉस्टल के उस कमरे में कोई नहीं था। इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। पोकरण में चल रहे युद्धाभ्यास स्थल से करीब 100 किमी दूर यह हादसा जैसलमेर में हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत सेना के बड़े अधिकारी मौजूद थे। इंडियन एयर फोर्स का एक ट्रेनिंग विमान सोमवार सुबह तेलंगाना में क्रैश हो गया था। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ था।

## ईरान में रईसी की जगह लेने उतरीं कट्टरपंथी महिला उम्मीदवार

### विरोधियों को फांसी देने की हिमायती, मॉर्डन वेपन्स की शौकीन हैं जोहरेह इलाहियन

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पिछले महीने 19 मई को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी। उनके निधन के बाद देश नये राष्ट्रपति के चुनाव के लिए 28 जून को मतदान होने वाले हैं। ईरानी मीडिया के मुताबिक अब तक करीब 40 उम्मीदवारों ने इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद, पूर्व कमांडर वाहिद हघानियान, सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के पूर्व सचिव सईद जलीली भी शामिल हैं। हालांकि इसमें एक और नाम



है जिसकी खूब चर्चा हो रही है। पूर्व महिला सांसद जोहरेह इलाहियन (57) एक मात्र महिला उम्मीदवार हैं जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए दावेदारी पेश की है। अगर वो इस पद के लिए चुनी जाती हैं तो ईरान के इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला राष्ट्रपति बनेगी। इलाहियन हिजाब की कट्टर समर्थक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडी गठबंधन अब अराजकतावादी हथकंडे अपना रहा : विजय सिन्हा

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जनता पर अपना प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह विफल रहे इंडी गठबंधन के नेता अब अराजकतावादी हथकंडे अपनाने पर उतर आए हैं। इसकी योजना इन्होंने 1 जून को दिल्ली में बैठकर बनाई। आम चुनाव की घोषणा के बाद से ही देश में मोदीजी के पक्ष में जबर्दस्त लहर थी। जनता से पूरी तरह कटे इंडी गठबंधन के ये सत्ता-सामंत जब 'चुनावी पर्यटन' पर निकले तो इन्हें जमीनी हकीकत का अंदाजा हो गया। इसलिए शुरुआत से ही गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी के साथ ये लोग चुनाव प्रचार की औपचारिकता पूरी करने में जुटे रहे। अब जब चुनाव संपन्न हो चुका है, सभी अनुमानों में एनडीए के पक्ष में प्रचंड जनादेश की दिशा स्पष्ट हो गई है तो ये लोग महज 'विरोध के लिए विरोध' करने की जुगत में लग गए हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि विभिन्न स्वतंत्र एजेंसियों ने चुनाव के बाद जो आंकड़े जारी किए हैं उनसे यह साफ है कि गरीब, युवा, किसान और महिलाओं ने मोदी जी को अभूतपूर्व समर्थन दिया है। एनडीए को इस बार पुरुषों की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक मत महिला मतदाताओं से मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि 'सबका साथ सबका विकास' के लक्ष्य को जमीन पर उतार कर मोदीजी केवल चुनाव ही नहीं देश का दिल जीतते हैं।



### पीएम मोदी के आगे राहुल गांधी और उनका गठबंधन टिक नहीं पाया : मंगल पांडेय

**पटना।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी एक सच्चे वैश्विक नेता के तौर पर उभरे हैं। इनकी लोकप्रियता ने वैश्विक स्तर पर भारत की अलग पहचान बनाई। हमें शक्तिशाली देश होने का गौरव प्राप्त हुआ। चीन और पाकिस्तान भी अपनी हदें पार नहीं कर सका। सुपर पावर अमेरिका भी पीएम मोदी के कद की प्रशंसा करते नहीं थका। देश को शक्तिशाली बनाने वाले और विकास की नई गाथा रचने वाले पीएम मोदी की शख्सियत के आगे घमंडी नेता राहुल गांधी व उनका गठबंधन टिक नहीं पाया। एक ओर जहां पीएम ने विदेश में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया तो विपक्षी नेता राहुल गांधी ने विदेशी सरजमीं पर जाकर भारत और भारतीयों की निंदा की। देश का हर नागरिक अपना है और विदेश में जाकर भेदभाव की टिप्पणी उचित नहीं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कई बार आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका जबाव जनता ने चुनाव में दे दिया। मंगल पांडेय ने कहा कि कई लेखक और कूटनीतिज्ञ समेत राजनीतिक विश्लेषकों ने चुनाव परिणाम से पूर्व पीएम मोदी की जीत की भविष्यवाणी कर दी है। देश की जनता ने खुलकर पीएम मोदी का समर्थन किया है। देश को सही नेतृत्व मिलना जरूरी है, अगर बदलते वैश्विक स्तर पर लाभ लेना है। जनता जानती है पीएम मोदी ने ही हर क्षेत्र में विकास किया है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, कृषि व स्टार्टअप जैसे तमाम जनहित से जुड़े मुद्दों पर सराहनीय कार्य किए। यही वजह है कि तमाम एग्जिट पोल ने एनडीए के पक्ष में प्रचंड जीत के दावे किए। मगर राहुल गांधी तमाम एग्जिट पोल को खारिज कर रहे हैं। पीएम मोदी के कार्य को भी वो नकार गए। यही वजह रही कि उनकी बड़ी हार तय है।



### बदल सकता है स्कूलों का समय, मॉनिटरिंग सिस्टम चलता रहेगा



**पटना।** भीषण गर्मी के चलते फिलहाल स्कूलों में पढ़ाई बंद है। लेकिन शिक्षक, प्रधानाध्यापकों को स्कूल आना पड़ रहा है। इसको लेकर खासा विरोध है। सोमवार की शाम की वीडियो कांफ्रेंसिंग में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने सभी डीईओ को निर्देश दिया कि वे सुविधानुसार 3 से 8 जून तक प्रधानाध्यापक व शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले काम के लिए समय का निर्धारण करें। इस दौरान इन्हें मासिक मूल्यांकन की कॉपी जांच, 5वीं-8वीं की परीक्षा में फेल हुए बच्चों की दोबारा हुई परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच, क्लास 9 में नामांकन से लेकर स्कूलों में कराए जा रहे निर्माण कार्य, मरम्मत व रंग-रोगन तक की मॉनीटरिंग करनी है। स्कूलों का समय बदल सकता है। अभी 8 जून तक स्कूल बंद हैं। खुलने के बाद नए समय पर विचार होगा। सोमवार को शिक्षा विभाग के नए अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने इस आशय के संकेत दिए। वे जिला शिक्षा पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर रहे थे। उनका कहना था कि अगर स्कूलों के समय में बदलाव की दरकार है, तो इसका प्रस्ताव मुख्यालय (सचिवालय) भेजा जाए। इससे पहले अपने चैंबर में अफसरों से बात करते हुए सिद्धार्थ ने कहा कि विभाग का मॉनिटरिंग सिस्टम पहले की तरह काम करता रहेगा। अगर इसमें बदलाव की जरूरत है, तो बताया जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग जारी रहेगी।

### वैशाली में रेल यात्री का कटा दोनों पैर, स्थिति नाजुक होने पर PMCH रेफर

**हाजीपुर।** भगवानपुर स्टेशन के पास सोमवार की देर रात ट्रेन से गिरकर एक यात्री का दोनों पैर रेलवे लाइन पर कट गया। पैर कटने के बाद यात्री की चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग जमा हो गया। इसके बाद घायल की पहचान होने पर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और परिजनों को दी गई। इसके बाद घटनास्थल और पुलिस परिजन दोनों पहुंचे। घायल को इलाज के लिए पुलिस ने परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से भगवानपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया गया। लेकिन घायल की स्थिति को नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने सदर अस्पताल से भी पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घायल की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के बफापुर बांथू गांव निवासी मेघन महतो के बेटे अजीत महतो(36) बताया गया है। घायल युवक के भतीजा धरवेंद्र महतो ने बताया कि चाचा 5 दिनों से घर पर नहीं थे। घर में किसी को कुछ बताए भी नहीं थे। आज वे घर आ रहे थे। तभी कुछ लोगों ने घर पर सूचना दिया की चाचा का पैर ट्रेन से कटकर अलग अलग हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंचे जहां से उन्हे भगवानपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया था। लेकिन स्थिति नाजुक देखते डॉक्टर ने सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया है। उसने बताया कि चाचा राजमिस्त्री का काम करते हैं। तीन भाइयों में तीसरे हैं और तीन छोटे छोटे बच्चे भी हैं।



# मोदी कैबिनेट के मंत्री आरके सिंह आरा से हारे



**एजेंसी, पटना।**

बिहार में लोकसभा की 40 सीटों के लिए काउंटिंग जारी है। एक बार फिर से बिहार में नीतीश कुमार का जलवा बरकरार है। बीजेपी को कुछ सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। वहीं लालू यादव का भी दम दिख रहा है। सीटों के उलटफेर के बीच बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश से एक अणे मार्ग पहुंचकर मुलाकात की है। आरा से मोदी कैबिनेट के मंत्री आर के सिंह चुनाव हार गए हैं। लेफ्ट के सुदमा सिंह ने उन्हें पटखनी दी है। वहीं पाटलिपुत्र से लालू यादव की बेटी मीसा भारती ने जीत दर्ज किया है। मोहिउद्दीन नगर में काउंटिंग सेंटर में उनकी ड्यूटी लगी थी मतगणना के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद सदर अस्पताल भेजा गया । जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इन्हें समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र में रिजर्व में रखा गया था। वो माइक्रो आब्जर्वर के रूप में तैनात किए गए थे। गया से मांझी वाल्मिकी नगर से सुनील कुमार, पश्चिमी चंपारण से संजय जायसवाल और हाजीपुर से चिराग पासवान ने जीत दर्ज की है। काराकाट से निर्दलीय चुनाव में उतरे पवन सिंह चुनाव हार गए हैं। यहां से इंडी गठबंधन के राजा राम जीत दर्ज की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमित शाह ने फोन कर मांझी को बधाई दी है। कल दिल्ली में एनडीए नेताओं की बैठक बुलाई गई है।

### JDU प्रत्याशी ललन सिंह भारी मतों से जीते, 2009 और 2019 में भी की थी जीत दर्ज

**एजेंसी, मुंगेर।**



मुंगेर लोकसभा में मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो गई। JDU प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भारी मतों से जीते। अपने प्रतिद्वंदी कुमारी अनिता को हराया। मुंगेर लोकसभा चुनाव में चौथी बार चुनाव लड़े। 2009 और 2019 में जीते थे मुंगेर लोकसभा चुनाव। सिर्फ अधिकारी घोषणा होना बांकी। मुंगेर लोकसभा में 6 विधानसभा है जिसमें मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, बाढ़ और मोकामा के कुल 2029 मतदान केंद्र के गिनती होगी। वहीं मतगणना केंद्र पर जिला निर्वाची पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, एसपी सैयद इमरान मसूद के अलावा सभी प्रशासनिक अधिकारी रहेंगे। जबकि सुरक्षा को लेकर केंद्रीय पुलिस जवान, बीएमपी और जिला पुलिस जवान को लगाया गया है।

**12 प्रत्याशियों में 7 निर्दलीयः** बता दें कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में इस बार 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिसमें बहुजन समाज पार्टी से कुमार नवनीत हिमांशु, राजद से कुमारी अनिता, जदयू से राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी (डेमोक्रेटिव) कुलदीप यादव, कम्युनिस्ट पार्टी से रविंद्र मंडल है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आदित्य सिंह मधुकर, नीतीश कुमार, पंकज कुमार, प्रवाल कुमार, प्रियदर्शी पीयूष, शंकर प्रसाद विंद और एके सिंह अशोक है।जिसमें सीधी टक्कर राजद प्रत्याशी अनिता देवी और एनडीए प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के बीच है।

## पाटलिपुत्र से लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती की जीत

### भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव हारे, पटना साहिब में रविशंकर प्रसाद आगे

**एजेंसी, पटना।**

पटना के पाटलिपुत्र सीट से राजद उम्मीदवार मीसा भारती की जीत हुई है। दो बार से सांसद रहे रामकृपाल यादव को लालू की बड़ी बेटी ने हरा दिया है। इधर, पटना साहिब में भाजपा के रविशंकर प्रसाद बढ़त बनाए हुए हैं। कांग्रेस के अंशुल अविजित पीछे चल रहे हैं।



**सीसीटीवी से निगरानीः** कॉलेज में मतगणना को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही पूरे परिसर की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की जा रही है। काफी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने 14 टेबुल पर मतगणना कराने की अनुमति ली है। एक बार में 14 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती होगी। इस बार पटना साहिब में 2131 और पाटलिपुत्र में 2159 बूथ बनाए गए थे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक संसदीय क्षेत्र पटना साहिब में 32 राउंड और पाटलिपुत्र में 23 राउंड की गिनती होगी। इस लिहाज से पहले पाटलिपुत्र लोकसभा का रिजल्ट आएगा, बाद में पटना साहिब का रिजल्ट आएगा।

**पटना साहिब में मुख्य मुकाबला रविशंकर और अंशुल अविजित मेंः** राज्य के हॉट सीटों में से एक पटना साहिब ने मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी व सांसद रविशंकर प्रसाद और पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार के बेटे अंशुल अविजित के बीच माना जा रहा है। इनकी किस्मत का फैसला कुल 22,95,535 मतदाता करेंगे। जिसमें 12,08 लाख पुरुष और व 10.84 लाख महिला वोटर्स है। इस सीट पर रविशंकर प्रसाद का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। कायस्थ बहुल इस सीट पर शहरी एलिट क्लास के मतदाताओं को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। यहा लगभग 6 लाख कायस्थ यहां है। वही महागठबंधन ने कुशवाहा कार्ड के जरिए उन्हें घेरने की कोशिश की है। इस बार अंशुल अभिजीत को इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगियों का साथ मिला है। राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने उनके लिए प्रचार किया है।

## परिणाम आने को लेकर थाना अलर्ट



**एजेंसी, हाजीपुर।**

आखिरकार फैसले की घड़ी आ ही गई। हाजीपुर (अ.जा.) संसदीय सीट के लिए 14 प्रत्याशियों की ईवीएम में बंद किस्मत का फैसला आज मतगणना के बाद होगा। इसके लिए हाजीपुर में शामिल छः विधानसभा में एक साथ मतगणना का काम शुरू होगा और किसके सिर अगले पांच साल तक सांसद का ताज सजेगा, इसका निर्धारण भी आज हो जाएगा। एक्जिट पोल के अनुसार मुख्य मुकाबला राजद व एनडीए के प्रत्याशी लोजपा रा. के बीच होने की संभावना व्यक्त की गई है। मंगलवार को आरएन कॉलेज हाजीपुर में 6 कमरों में विधानसभा वार 14-14 टेबलों पर कार्मिक मतगणना करेंगे। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सबसे पहले पोस्टल बैलेट की सुबह 8 बजे से गणना होगी। इसके बाद 1920 ईवीएम का गणना शुरू होगी। जिला प्रशासन ने आरएन कॉलेज स्थित मतगणना केन्द्र पर काउंटिंग की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। दिन भर खुद डीएम व एसपी ने अपनी पूरी टीम के साथ काउंटिंग सेंटर पर तैयारियों का जायजा लेते रहे तथा अधिकारियों व कर्मियों को जरूरी निर्देश देते रहे। काउंटिंग परिसर के अंदर व बाहर की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद किया गया है। शहर के विभिन्न चौक चौराहे सहित कॉलेज के आस पास दो कंपनी अर्द्ध-सैनिक बल एवं सैकड़ों जिला पुलिस बल को लगाया गया है। 45 स्थानों पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट आरएन कॉलेज में मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की कोई व्यवधान न हो इसे ले प्रशासन के द्वारा मतगणना हॉल के अंदर और बाहर करीब 45 स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों की तैनाती की है। मतगणना हॉल के बाहर चौहट्टा चौक से लेकर आरएन कॉलेज गेट के दक्षिण, पूरब और मड़ई रोड की तरफ सैकड़ों जवानों को तैनात किया गया है। हाजीपुर शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थलों और शहर से सटे मुख्य मार्गो पर 90 दंडाधिकारी एवं सैकड़ों पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। मतगणना हॉल के साथ-साथ अगल-बगल 45 मजिस्ट्रेट, पूरे शहर के संवेदनशील स्थानों पर विशेष मजिस्ट्रेट और जिले के सभी थानों में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। लालगंज का रिजल्ट अपराह्न 4 बजे तक आने की संभावना हाजीपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा 123-हाजीपुर की 24, 124-लालगंज की 26, 126-महुआ की 22, 127-राजापाकर की 21, 128-राघोपुर की 25, व 129-महनार विधानसभा की 22 राउंड में मतगणना होगी। सबसे कम 21 राउंड होने से पहले राजापाकर का दोपहर 3 बजे तक और सबसे अंत में 26 राउंड वाले लालगंज का रिजल्ट अपराहन 4 बजे तक आने की संभावना है। जुलूस निकालने और नारेबाजी करने पर रोक एसपी हर किशोर राय ने बताया कि मंगलवार को मतगणना के दौरान परिणाम आने के बाद जुलूस निकालने और नारेबाजी करने पर रोक है।

♦ आचार संहिता उल्लंघन पर एफआइआर का निर्देश

## पटना में वंदे भारत के लिए कोचिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा

**एजेंसी, पटना।**

वंदे भारत एक्सप्रेस के रखरखाव के लिए 200 करोड़ की लागत से पाटलिपुत्र जंक्शन के पास कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र के मुताबिक कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण की रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति दी है। यहां पटना-हावड़ा, पटना-रांची, पटना-गोमतीनगर और पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का रख रखाव होगा। इसके निर्माण की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत 630 मीटर लंबी वाशिंग पिट लाइन के साथ निरीक्षण और रखरखाव के लिए शेडयुक्त वे-लाइन का निर्माण होगा। सभी लाइन ओवरहेड वायर (ओएचई) से युक्त होंगी। इसके साथ ही तीन अलग-अलग स्टैबलिंग लाइन का भी निर्माण होगा। हेवी रिपेयर शेड और बोगी रिपेयर शेड की अलग-अलग व्यवस्था होगी। इसकी क्षमता एकबार में 24 कोच युक्त 10 वंदे भारत एक्सप्रेस के रखरखाव की होगी। वर्तमान में 20 करोड़ की लागत से वंदे भारत के अनुरक्षण के लिए राजेंद्रनगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स को अपग्रेड किया गया है और कुछ कार्य प्रगति पर है। इसमें संलग्न कर्मचारियों और लोको पायलटों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इसमें उपयोग में आने वाले उपकरणों के भंडारण के लिए अलग से स्टोर रूम का निर्माण होगा।



♦ 200 करोड़ होंगे खर्च, पाटलिपुत्र जंक्शन के पास होगा तैयार

## बिहार रेजिमेंटल केंद्र से 835 अग्निवीर का आया रिजल्ट, 4 जून 2024 को हुए पास आउट

### 31 सप्ताह का बेहद कठिन सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में मंगलवार सुबह राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। जब अग्निपथ योजना के तहत तीसरे बैच में बिहार रेजिमेंट के 835 युवा और वीर अग्निवीरों ने बिहार रेजीमेंट केंद्र, दानापुर में पासिंग आउट परेड में भाग लिया। भारतीय सेना के इन शूरवीरों ने 31 सप्ताह का बेहद कठिन सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद इस जत्थे ने "तिरंगे" की उपस्थिति में पवित्र धर्म ग्रंथों गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और बाइबिल पर हाथ रखकर अंतिम सांस तक राष्ट्र की रक्षा करने की शपथ ली। राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने और सैन्य युद्ध के सभी पहलुओं पर निपुणता हासिल करने के बाद, बिहार रेजिमेंट के ये अग्निवीर किसी भी विषम परिस्थिति में तैनात होने में पूरी तरह सक्षम हैं। बिहार रेजिमेंटल केंद्र के कमांडेंट ब्रिगेडियर कमल दीप जसपाल ने अव्वल दर्जे की परेड की समीक्षा की। अत्यधिक कठिन प्रशिक्षण को उच्च मापदंड के साथ सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर बोलते हुए, समीक्षा अधिकारी ने इन नवोदित सैनिकों से तिरंगे के प्रति अपनी प्रतिज्ञा को हमेशा याद रखने और मातृभूमि की सेवा में सर्वदा तत्पर रहने का आह्वान किया। इन अग्निवीरों के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति इस बात का साक्ष्य थी कि राष्ट्र सुरक्षित हाथों में है। अग्निवीरों के गौरवान्वित माता-पिता, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चों और परेड देखने वाले कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित सभी दर्शक उनके स्मार्ट टर्नआउट और उत्कृष्ट ड्रिल से अत्यधिक प्रभावित हुए। कार्यक्रम के दौरान, अग्निवीरों के माता-पिता को राष्ट्र और सेना के समर्थन में किए गए उनके सराहनीय प्रयासों के लिए सम्मान के रूप में 'गौरव पदक' भी प्रदान किए गए।



## सीतामढ़ी, बांका में झमाझम बारिश, 11 जिलों में अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

बंगाल की खाड़ी में साइक्लोन सर्कुलेशन बना है, जिसका प्रभाव बिहार में दिख रहा है। सीतामढ़ी में मंगलवार को 11 बजे के बाद मौसम का मिजाज बदला। इसके बाद तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। शाम 5 बजे बाद बांका में भी तेज बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने 11 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 19 जिलों में गर्म दिन रहने की संभावना है। वहीं, सोमवार को राज्य के पटना, गया, मुंगेर और किशनगंज समेत कई शहरों में बारिश हुई। इसके साथ ही कई शहरों में तेज हवा चली। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने वाला है। बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है, जिसके कारण उत्तर-पूर्वी बिहार में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-मध्य और दक्षिण-पूर्व बिहार में मौसम शुष्क रहेगा। दक्षिण पश्चिम बिहार में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।



बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन का असर

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसमः** 5 जून को राज्य के उत्तर-मध्य, उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व भाग के जिलों के एक या दो जगहों पर मेघगर्जन/वज्रपात और तेज हवा (40-50 किमी प्रति घंटा) के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, राज्य के उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। 6 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भागों (पटना, नालंदा, नवादा, गया) के एक या दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण भाग के जिलों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। 7 जून को राज्य के दक्षिण-मध्य भागों (गोपालगंज, सीवान, सारण) के एक या दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य और दक्षिण भाग के जिलों के एक या दो जगहों पर गर्म व आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

**दर्ज किया गया है अधिकतम तापमानः** सोमवार को एक बार फिर से कई सालों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है। 43.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर सबसे गर्म जिला रहा। इसके अलावा 15 ऐसे जिले रहे, जहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर किया गया पौधरोपण

**एजेंसी, हाजीपुर।**



राज्य प्राधिकार पटना एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर व जिले के विभिन्न पंचायतों में पौधा रोपण कार्य की सफलता के लिए विचार विमर्श किया गया। स्थानीय व्यवहार न्यायालय हाजीपुर परिसर के जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित किया गया। प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बैठक में शामिल न्यायिक पदाधिकारियों को सभी सरकारी विभाग व जिला के सभी पंचायतों में पौधा रोपण के लिए निर्देश दिया। उन्होंने में विभिन्न पंचायत में रह रहे पारा विधिक स्वयं सेवकों एवं पैनल अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि जिला के सभी पंचायत में पौधों लगाने के लिए निःशुल्क पौधा प्राप्त कर अपने-अपने पंचायत में लगाते हुए आम अवाम को जिला विधिक सेवा प्राधिकार हाजीपुर वैशाली के तत्वावधान में जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों का निष्पादन के लिए लोगों जागरुक करने का निर्देश दिया।

**इनकी रही उपस्थितिः** न्यायिक पदाधिकारी, वन विभाग के रेंज पदाधिकारी, बिजली विभाग के राजस्व पदाधिकारी, नगर परिषद से सिटी मैनेजर, दूरसंचार विभाग के पदाधिकारी, नीलाम पत्र के पदाधिकारी, फैक्ट्री विभाग के अधिकारी समेत विभिन्न विभाग के पदाधिकारी और अधिवक्ता उपस्थिति थे।

संक्षिप्त समाचार

## सिमुलतला परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड में सुधार पांच से

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिमुलतला आवासीय विद्यालय में 11वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड में सुधार को पांच से आठ जून तक पोर्टल खोला जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इसके लिए सूचना जारी की है। परीक्षा समिति का कहना है कि छात्र अपने यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल कर एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर लें और किसी भी तरह की गलती होने पर उसमें सुधार कर लें। इसके अलावा जिन परीक्षार्थियों ने परीक्षा शुल्क नहीं जमा किया है, वह चार जून तक परीक्षा शुल्क जमा कर दें।

## गौरव मंगला मुजफ्फरपुर रेल एसपी प्रतिनियुक्त

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सारण से हटाये गये डॉ. गौरव मंगला को तत्काल बतौर मुजफ्फरपुर रेल एसपी प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने कंबाइन स्थित रेल एसपी कार्यालय में योगदान भी दिया है। गौरव मंगला मुजफ्फरपुर में बतौर सरैया एसडीपीओ कार्य कर चुके हैं। इधर, रेल एसपी मुजफ्फरपुर डॉ. कुमार आशीष के सारण तबादले के बाद से रेल एसपी का पद खाली था। इसके प्रभार में समस्तीपुर रेल डीएसपी रौशन कुमार थे। गौरव मंगला की प्रतिनियुक्ति अगले आदेश तक के लिए की गयी है।

## परीक्षा फॉर्म नहीं भरने देने के विरोध में प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बीआरएबीयू परिसर में बिहार छात्र संघ ने एक निजी बीएड कॉलेज द्वारा आठ विद्यार्थियों को सेमेस्टर आठ का परीक्षा फॉर्म नहीं भरने देने के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि इसके लिए कई महीनों से विश्वविद्यालय का चक्कर काट रहे हैं। सभी छात्रों ने विश्वविद्यालय में शिकायत की, आश्वासन दिया जाता था कि परीक्षा फॉर्म भरवा दिया जाएगा, लेकिन अंत समय में विश्वविद्यालय ने हाथ खड़ा कर दिया। उन्हीं छात्रों का परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है जिन छात्रों ने महाविद्यालय में झूठा शपथ पत्र दिया है। जिन्होंने झूठा शपथ पत्र देने से मना कर दिया, उनका फॉर्म नहीं भरा जा रहा है। छात्रों के आरोप पर जांच कमेटी का गठन विश्वविद्यालय ने किया था, लेकिन पांच महीने बाद भी जांच कमेटी का कोई जवाब नहीं आया है। बिहार छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष करण सिंह ने कहा कि निजी बीएड कॉलेज का तानाशाही खराब है। इस मौके पर ओम प्रकाश, निखिल राज, मुकेश कुमार, मंजीत कुमार, गौतम राज व अन्य छात्र मौजूद थे।

## मर्यादा में रहना सिखाती है श्रीराम कथा : अमित कृष्ण

**मोतीपुर, एजेंसी।** श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है साथ ही यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। उक्त बातें पुरानी बाजार हरदी में आयोजित श्रीराम कथा भक्ति यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को कथा वाचक अमित कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहीं। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा का श्रवण कर लेता है, उसका लोक ही नहीं परलोक भी सुधर जाता है। कलियुग में मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा राम नाम ही है। हमें अपने दांपत्य जीवन में गंभीर होना चाहिए। पति-पत्नी, भाई-बहन, भाई-भाई का प्रेम, पिता-पुत्र, सास-बहू सभी को मर्यादा में रहना चाहिए। रामचरित्रमानस का प्रतिदिन श्रवण करने से मानसिक संतुलन ठीक रहता है। हमें गले में तुलसी की माला पहननी चाहिए। कथा श्रवण के दौरान महिलाएं भावुक हो गईं। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष मोहन साह, संयोजक संतोष बसंत, संजय गुप्ता, अनिल साह मौजूद थे।

# वंदे भारत की रखरखाव के लिए खर्च होंगे दो सौ करोड़, पटना में बनेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स




**पटना, एजेंसी।** पटना से खुलने वाली पटना गोमतीनगर समेत चारों वंदेभारत ट्रेन की रखरखाव को दो सौ करोड़ की लागत से कोचिंग कॉम्प्लेक्स बनेगा। इन ट्रेनों का रखरखाव पाटलिपुत्र जंक्शन से तीन किमी दूर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में होगा। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने पूर्व मध्य रेलवे को 200 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इसे विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। वर्तमान में पटना-हावड़ा, पटना-रांची, पटना-गोमतीनगर एवं न्यूजलपाइगुड़ी-पटना सहित अत्याधुनिक यात्री सुविधा एवं तकनीक से युक्त चार वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

### 630 मीटर लंबी वाशिंग पिट लाइन बनेगी

पूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि पाटलिपुत्र में 630 मीटर लंबी वाशिंग पिट लाइन के साथ शेड युक्त वे-लाइन भी बनाई जाएगी। सभी लाइनें ओवरहेड वायर (ओएचइ) से युक्त होंगी। हेवी रिपेयर शेड एवं बोगी रिपेयर शेड की अलग-अलग व्यवस्था होगी। यहां एक बार में 24 कोच वाली 10 वंदे भारत ट्रेनों का मेंटेनेंस किया जा सकेगा। इतना ही नहीं वर्तमान में राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग कॉम्प्लेक्स मौजूदा समय 20 करोड़ की लागत से वंदे भारत के मेंटनेंस के लिए राजेंद्र कोचिंग कॉम्प्लेक्स को अपग्रेड किया गया है।



## चुनावी रंजिश में भाला घोंप जदयू कार्यकर्ता की हत्या

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** परबलपुर थाना क्षेत्र के मौआ गांव में सोमवार की अल सुबह चुनावी रंजिश में बदमाशों ने जदयू के सक्रिय कार्यकर्ता की भाला घोंप व तलवार से काटकर, उनकी हत्या कर दी। कार्यकर्ता चुनाव में बूथ संख्या 323 पर एनडीए प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पोलिंग एजेंट बने थे। जिससे भाकपा माले प्रत्याशी के समर्थक खार खाए थे। मृतक स्व. ब्रह्मदेव प्रसाद के 62 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार हैं। वारदात की सूचना के बाद निवर्तमान सांसद अस्पताल पहुंच गए। सांसद ने बताया कि चुनावी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। हत्याकांड की चश्मदीद मृतक की प7ी उर्मिला देवी के बयान पर 9 बदमाशों को आरोपित कर केस दर्ज किया गया।

वारदात का कारण चुनाव में पोलिंग एजेंट बनना बताया गया है। महिला ने बताया कि पति के साथ वह भी सुबह की सैर पर निकली थीं। उनके सामने बदमाशों ने हत्याकांड को अंजाम दिया। डीएम शशांक शुभंकर, एसपी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम ने भी मौके पर जांच की है। एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि मृतक की प7ी के बयान पर केस दर्ज किया गया है। महिला हत्या का कारण पोलिंग एजेंट बनना बता रही हैं। प्रारंभिक जांच में पुराना विवाद भी प्रकाश में आया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

**किशनगंज में चारों गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा**

## चार लोगों ने रेता था सीएसपी संचालक का गला



**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के पहाड़ कट्टा थाना क्षेत्र के सीएसपी संचालक की बदमाशों ने गला रेतकर हत्या कर दी थी। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 30 मई की शाम में पहाड़ कट्टा थाना क्षेत्र में एक ष्ट.स्.क्कसंचालक खजूर बाड़ी अंसारी टोला के इस्माइल अंसारी के बेटे साहेब उर्फ कमरूज्जमा अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था। घर जाने के क्रम में इस्माइल का मक्का के खेत के सामने खजूर बाड़ी कच्ची सड़क पर अपराधियों ने गला रेत दिया था। घटना के बाद मृतक के भाई मो. फिरोज अंसारी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पहाड़ कट्टा थाना कांड सं-56/24 और धारा-302/34 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक किशनगंज के दिशा निर्देश पर कांड का खुलासा एवं हत्याकांड में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एक स्.द्ध.ञ्ज की टीम का गठन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, ठाकुरगंज के नेतृत्व में किया गया। टीम के द्वारा कांड का भौतिक और तकनीकी अनुसंधान करते हुए महज 72 घंटे के अंदर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए कांड में संलिप्त कुल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ मंगलेश कुमार ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। चारों अपराधियों की पहचान मो. शकील, मो सुलेमान आलम, सुभान, और मो.अजरुल के रूप में हुई है चारों थाना पोठिया के रहने वाले हैं।

# दानापुर में बंद फ्लैट से चोरी, 10 लाख की संपत्ति ले गए चोर

**पुलिस बोली- सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है**

**पटना, एजेंसी।** पटना के दानापुर में बेखौफ चोरों ने अपने बुलंद हौसले दिखाते हुए बंद फ्लैट का ताला तोडकर करीब दस लाख की संपत्ति चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दानापुर थाना क्षेत्र के लखनी बिगहा कुंवर सिंह चौक स्थित विवेक इन्कलेव अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 302 निवासी अरविंद कुमार के बंद फ्लैट को इस बार चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोरों ने 34 हजार नगद समेत दस लाख के जेवरात चोरी कर ले गये है।

**फ्लैट का ताला टूटा हुआ था :** इस संबंध में गृहस्वामी अरविंद कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध लिखित शिकायत किया है। अपने लिखित आवेदन में अरविंद ने बताया है कि एक जून को फ्लैट बंद कर पूरे परिवार अपने रिश्तेदार के यहां गये हुए थे। जब आज घर पहुंचे तो देखा कि फ्लैट का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और कमरे में सारा सामान बिखरे पडे हुए थे। फ्लैट के अंदर कमरे में रखे गोदरेज और आलमीरा का लॉक टूटा हुआ था।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा – पुलिस :** उन्होंने बताया कि चोरों ने गोदरेज व आलमीरा में रखे 34 हजार नगद, सोने के जेवरात समेत कीमती सामान चोरी कर ले गये है। चोरों ने करीब दस लाख की संपत्ति चोरी करने का अनुमान लगाया है। इस संबंध में दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया की मामला संज्ञान में आया है। पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है। अपार्टमेंट समेत आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि चोरों का पहचान किया जा सकेंगे।




# भागलपुर जंक्शन का होगा रिडेवलपमेंट



**भागलपुर, एजेंसी।** रेलवे बोर्ड के एडिशनल मेम्बर दिनेश कुमार पटना-दुमका एक्सप्रेस से सुबह ग्यारह बजे के करीब भागलपुर जंक्शन पहुंचे। स्टेशन परिसर का मुआयना करने के बाद परिसर के बाहर पार्किंग और रेलवे अस्पताल का निरीक्षण किया। इसके बाद रेलवे कॉलोनी पहुंच कर काफी बारीकी से कॉलोनी की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मामलों पर उपस्थित अधिकारियों से बात की। इस दौरान एडिशनल मेम्बर ने पुराने ओवर हेड पानी की टंकी की जगह अंडर ग्राउंड वाटर सप्लाई की व्यवस्था करने का आदेश दिया। इस मौके पर रेलवे के अन्य उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि अंडर ग्राउंड वाटर सप्लाई की वजह से पानी का सप्लाई प्रेशर काफी धीमा हो जाएगा। इस पर एडिशनल मेम्बर ने कहा कि इस तरह की शिकायतों को तत्काल दूर कर अंडर ग्राउंड वाटर सप्लाई को लेकर काम यथाशीध्र शुरू करें। इसके बाद एडिशनल मेम्बर तिलकामांझी चौक के समीप बने रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर का निरीक्षण किया। इस कॉलोनी में सीवर की समस्या को लेकर घ्यान आकृष्ट कराया गया। सड़क पर बहने वाले पानी समेत कई अन्य समस्याओं को तुरंत दुरुस्त करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। गौरतलब है कि भागलपुर जंक्शन के अंदर बाहरी परिसर का जल्द ही आधुनिकीकरण करने को लेकर रेलवे के अधिकारी मंथन कर रहे हैं। स्टेशन परिसर के बाहरी हिस्सा को नया लुक देने के लिए कई चरण में कागजी कार्रवाई विभागीय स्तर पर चल रही है। चार बजे के करीब एडिशनल मेम्बर लौट गए। 550 करोड़ की राशि से स्टेशन का रिडेवलपमेंट होना है। यह फाइल पिछले कई सालों से अटकी हुई है। इस मौके पर एडिशनल मेम्बर के साथ के कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## माल लदान में सोनपुर मंडल का बेहतर प्रदर्शन

**सोनपुर, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम दो महीने अप्रैल से मई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्ष की तुलना में माल लदान के क्षेत्र में 46त्न की वृद्धि दर्ज की । मौजूदा वित्त वर्ष की प्रथम दो महीने अप्रैल से मई में मंडल के विभिन्न स्टेशनों से 8 लाख 90 हज़ार टन माल की ढुलाई की गई जिसमें मुख्य रूप से पेट्रोलियम पदार्थ, फर्टिलाइजर, मक्का एवं अन्य सामग्री शामिल हैं । इससे रेलवे को 118 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में सोनपुर मंडल द्वारा 6 लाख 10 हज़ार टन माल की ढुलाई की गई थी ।जिससे रेलवे को 78 करोड़ के राजस्व प्राप्ति हुई थी। विदित हो की मंडल के विभिन्न रेक पॉइंट्स से 120 रैकों द्वारा केवल मक्का लदान किया गया ,जिससे रेलवे को रिकॉर्ड 47 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई। माल लदान तथा ढुलाई को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के लिए मंडल के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों एवं उद्योगपतियों से संपर्क कर उन्हें समय समय पर रेलवे की आकर्षक योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है एवं यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि रेलवे से माल ढुलाई अन्य परिवहन साधनों की तुलना में बेहतर और विश्वसनीय होने के साथ ही सस्ता भी है ।

## बिहटा के उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस में दिनदहाड़े लूट



**बिहटा, एजेंसी।** बिहटा थाना के गोखुलपुर गांव स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में दिनदहाड़े 4 हथियारबंद अपराधियों ने महज 8 मिनट में 14 लाख रुपए लूट लिए। एक-एक कर चार नकाबपोश बैंक में घुसे। बैंक में मौजूद दो महिला समेत चार बैंक कर्मियों को हथियार दिखाकर बंधक बना लिया। गोली मारने की धमकी दी। बैंक में मौजूद 12 ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। सबों से मोबाइल ले लिए। इस दौरान एक अपराधी ने एक महिला बैंक कर्मी से बैंक के सेफ की चाबी ले ली। इसके बाद आसानी से उसे खोलकर 14 लाख रुपए बैग में भरे और फिर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बैंक के अंदर मौजूद सीसीटीवी को खंगाला। चारों का चेहरा गमछे से ढंका था। बैंक के बाहर की कोई कैमरा नहीं था। पुलिस को इस बात का सुराग नहीं मिला कि वे किस रूट से आए और किधर भागे।

**कोई तो लाइनर है, सुरक्षा इंतजाम भी नहीं :** बैंक में 14 लाख कैश रखे हुए थे। इस घटना के पीछे कोई ना कोई लाइनर जरूर है जिसने लुटेरों को बताया कि 14 लाख सेफ में हैं। पुलिस के शक की सूई बैंककर्मियों पर भी है। यह बैंक एक माह पहले ही गोखुलपुर में शिफ्ट हुआ है। मानक के अनुसार बैंक में ना तो सुरक्षा के इंतजाम थे और ना ही सीसीटीवी कैमरे। बैंक के गार्ड ने घटना के बाद कॉल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस पहुंची तब सभी को बाथरूम से बाहर निकाला।

## खरीक के तुलसीपुर में श्रद्धालुओं का ऑटो पलटा



**10 घायल**

**नवगछिया, एजेंसी।** खरीक थाना क्षेत्र के तुलसीपुर के पास 14 नंबर सड़क पर सोमवार की रात 12 बजे बाबाधाम से पूजा-अर्चना कर लौट रहे श्रद्धालुओं का ऑटो पलट जाने से उसमें सवार करीब दस लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया, जिसमें कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में सोना देवी (35 वर्ष) पति परमानंद सिंह निवासी अमरपुर बिहपुर, विकास कुमार (20 वर्ष) और अजीत कुमार राम (28 वर्ष) पिता सुभाष राम निवासी डुमरिया परबत्ता, जितेंद्र मंडल (30 वर्ष) पिता तंबाकू मंडल निवासी नयागांव गोरियासी परबत्ता, अंजू देवी (38 वर्ष) पति मनोज राम निवासी डुमरिया, जूना देवी (24 वर्ष) पति अजीत राम निवासी डुमरिया परबत्ता, रूबी देवी (35 वर्ष) पिता लक्ष्मण सिंह निवासी सराजपुर परबत्ता खगड़िया, मनीषा देवी (27 वर्ष) पति गणेश राम निवासी सराजपुर परबत्ता, अनीता देवी (50 वर्ष) पति सुभाष राम डुमरिया परबत्ता शामिल हैं। अनुमंडल अस्पताल में सभी घायलों की प्राथमिक चिकित्सा की गई। विकास कुमार, अंजू देवी और रूबी देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मायागंज अस्साल रेफर किया गया। घायलों ने बताया कि वे लोग सोमवारी के अवसर पर देवघर से पूजा-अर्चना कर वापस बिहपुर अमरपुर होकर डुमरिया परबत्ता जा रहे थे कि तुलसीपुर के पास ऑटो पलट गया। हमलोग गहरी नींद में सोए हुए थे जब नींद खुली तो हमलोग गड्ढे में पड़े हुए थे।

# लगातार चौथी बार सांसद बने संजय जायसवाल

## हालांकि इस चुनाव में जीत का अन्तर काफी कम रहा है परन्तु चौथी बार जीत कर इन्होंने अपने ही पिता के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है

चाणक्य भूमि बेतिया

संजय जायसवाल ने हालांकि पिछले बार की 293906 की जगह पर मात्र 136568 से जीत दर्ज करने के बाबजूद लगातार चौथी बार सांसद बनकर अपने ही पिता का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उनकी इस जीत से समर्थकों में काफी उत्साह रहा और जीत की सूचना के बाद से ही पूरे गाजे बाजे और डी जे की धुन पर झूमते और नाचते दिखे। अपनी




जीत के बाद संजय जायसवाल ने पश्चिम चंपारण की जनता, बूथ अध्यक्ष, सभी कार्यकर्ताओं को भी बधाई दिया है।

- चुनाव जीतने के बाद सांसद बाद डॉ जायसवाल ने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री को देते हुए कहा कि मेरी जीत पीएम मोदी की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना, नीति और उनके कार्यों के कारण इतनी बड़ी जीत मुझे मिली है

## मोदी सरकार के बहुमत के बाबजूद शेयर बाजार औंधे मुँह गिरा

चाणक्य भूमि बेतिया

लोकसभा चुनावों के नतीजे ने आज शेयर बाजार को औंधे मुँह गिरा था दिया। मोदी सरकार के दावों और एक्जिट पोल के आकडों को ध्यान में रखते हुये जहां शेयर बाजार ने 2500 से ज्यादा अंकों की तेजी दिखाई थी। माना जा रहा है कि आम चुनाव के अप्रत्याशित नतीजों ने घरेलू बाजार में डर पैदा किया है इसी वजह से हाल हुआ है। परंतु जैसे ही आज लोकसभा चुनावों के रूझान आने शुरू हुए और परिणाम उम्मीद के विपरीत दिखाई दे रहा था इसे देखते ही शेयर बाजार पर मंदेडियो का असर होने लगा और सेंसेक्स ने 4,389.73 अंकों की डुबकी लगायी और यह अपने दो महीने के निम्नतम स्तर पर चला गया। बाजार के जानकार यह मान रहे है कि यह गिरावट ज्यादा समय तक नहीं रहेगी और जल्द ही बाजार झूमता नजर आयेगा।



- शेयर मार्केट के जानकार नीरज चौधरी ने बताया कि हालाँकि आज की गिरावट की बड़ी वजह लोकसभा चुनाव के परिणाम रहे है लेकिन जल्द ही बाजार अपने स्तर को वापस छू लेगा

## मोबाइल झपटते हुये युवक को भीड़ ने पकड़ा



चाणक्य भूमि बेतिया

आज नगर के चर्च रोड में दिनदहाड़े मोबाईल झपट्टा मारने वाले गिरोह के युवक द्वारा मिशन पार्क के पास से मोबाईल से बात करते हुये जा रही युवती से मोबाईल छिन कर भाग रहा था परन्तु राहगीरों की तत्परता से वह लोगों के हत्थे चढ़ गया। जिसके बाद सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने युवक को थाने ले गई। पकड़े गये युवक के पास से मोबाइल फोन के अलावा चाकू भी मिला है।

## वाल्मीकिनगर से सुनील कुमार दुबारा चुने गये सांसद



चाणक्य भूमि बेतिया

वाल्मीकिनगर लोकसभा से जदयू के सुनील कुमार ने कुल 523422 वोट प्राप्त कर अपनी जीत दर्ज की। जबकि राजद के दीपक यादव को मात्र 424747 वोट मिले और वो दूसरे स्थान पर रहे।इस प्रकार सुनील कुमार ने राजद के दीपक यादव को 98675 वोटों से हराया।

## सड़क हादसे में दैनिक अखबार के पत्रकार की पत्नी की मौत,पति घायल

चाण्क्य भूमि (नानोसती)

योगापट्टी में सड़क हादसे में दैनिक अखबार के पत्रकार के पत्नी की पत्नी मौत। बेतिया से घर जाने के दौरान शनिचरी के नया बस्ती गांव के समीप मुख्य सड़क पर मंगलवार की दोपहर घटी घटना। घर जाने के दौरान अचानक निलगाय ने सड़क पार करने के लिए लगाई छलांग । घटनास्थल पर परिजन पहुंच कर दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच ले गए जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मृत महिला की पहचान थाना क्षेत्र के सेंहुड़वा गांव



निवासी रत्नेश पांडे की 35 वर्षीय पत्नी रिंकी कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रत्नेश पांडे अपनी पत्नी रिंकी कुमारी को बाइक पर बैठाकर बेतिया से अपने घर सेंहुड़वा जा रहे थे। उसी दौरान शनिचरी से सेंहुड़वा जाने वाले मुख्य सड़क में नया बस्ती गांव के समीप अचानक निलगाय ने काफी तेज रफ्तार में छलांग लगा कर सड़क पार कर रही थी उसी के चपेट में आने से बाइक पर सवार दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गये व गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए व दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच ले गए। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया वहीं रत्नेश पांडे के सर में व कमर चोट लगी थी व अन्य जगहों पर जख्म थे उनका प्राथमिक उपचार किया गया उनकी स्थिति खतरे से बाहर है । इस दुखद घटना से पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। दोनों बच्चे अपनी मां को मृत देखकर दहाड़ मार कर रो रहे थे। इस विदारक घटना को देख गांव के लोगों के आंखों में आंसू छलक रहा था ।






## कम लागत में अधिक उत्पादन का गुर सीखा किसानों ने

चाण्क्य भूमि मैनाटाड़

मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित किसान भवन के अहाते में खरीफ महोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। खरीफ महोत्सव का उद्घाटन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पुरेश्वरनाथ गुप्त, सहायक तकनीकी प्रबंधक श्रीकांत आनंद शाही और प्रबुद्ध किसान राजकिशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। महोत्सव में मौजूद कृषि अधिकारियों ने आधुनिक तरीके से खेती करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि खेती के आधुनिक तकनीक अपना कर किसान अधिक लाभ उठा सकते हैं। किसानों को धान का बिचडा डालने तथा इसकी सुरक्षा के लिए कई बिंदुओं पर आवश्यक जानकारियां दी गयी। किसानों को वैज्ञानिक खेती के महत्वपूर्ण तौर-तरीकों से अवगत कराया।वही कृषि समन्वयकों ने बारी-बारी से किसानों को पारंपरिक खेती को छोड़ने और वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए जागरूक



किया। उन्होंने कहा कि खेती योग्य मिट्टी की प्रयोगशाला में जांच कराना भी अतिमहत्वपूर्ण है। कम लागत पर अधिक मुनाफे के लिए खेती में कृषि यंत्र एवं जैविक खाद का प्रयोग करने की अपील किसानों से की। अधिकारियों ने कहा कि सरकार आप किसानों को सशक्त करने के लिए कई योजनायें चला रही है।बस आप सभी अच्छे ढ़ंग से खेती करें। किसानों के सहयोग के लिए कृषि समन्वयक और कृषि सलाहकार हमेशा तैयार है। किसानों को चाहिए कि समय समय पर आप कृषि कर्मियों से संपर्क में रहकर अच्छे ढ़ंग से खेती करें। मौके पर कृषि समन्वयक रूदल ठाकुर, वीरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अरविंद जयसवाल, किसान शिवाजी आर्य, किशोर महतो,जोखू महतो, प्रमोद ठाकुर, यमुना यादव, शंभू यादव, सुदामा साह,मदन प्रसाद, कृषि सलाहकार मैनुद्दीन अंसारी,, विजय गुप्ता,विजय किशोर प्रसाद, संजय कुमार, अब्दुल हमीद , लेखापाल अजय कुमार राम आदि मौजूद रहें।

## बीईओ के औचक निरीक्षण में गायब मिली में चार शिक्षिकाएं

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

सिकटा प्रखंड के विधालयों में ई-शिक्षा कोष पर डाटा को शत-प्रतिशत अविलंब अपलोड करने को लेकर बीईओ संजय कुमार ने गौचरी, धनकुटवा समेत कई विधालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुरैनिया गांव अवस्थित विद्यालय में चार शिक्षिकाएं उनुपस्थित थी। जिसमें समां प्रवीन,स्नेहा कुमारी,रंजू कुमारी व निवेदिता तिवारी उनुपस्थित शामिल है। उनुपस्थित शिक्षिकाएं के विरूद्ध बीईओ ने ऑन-द-स्पॉट एक दिन का वेतन काटकर सभी शिक्षकों के सामने ई-शिक्षा कोष पर अपलोड कर दी। वहीं बीईओ संजय कुमार ने बताया कि +2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,गौचरी में डाटा अपलोड करने के लिए +2 अंग्रेजी शिक्षिका रिंकी कुमारी के द्वारा बहुत से अच्छे से डाटा इंट्री की गई है तथा रिंकी के कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को मिलकर तीन दिनों के अन्दर डाटा अपलोड करने सख्त निर्देश दी है।

## मतगणना बुलेटिन

चाणक्य भूमि

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र -पूर्वी चंपारण, मोतिहारी से राधामोहन सिंह...88287 वोट से जीते

राधामोहन सिंह -5,42,193
डॉ. राजेश कुमार -4,53,906

नोटा-19788

पोस्टल बैलेट से मत

राधामोहन सिंह-1595
डॉ. राजेश 2788

हरसिद्धि
राधामोहन सिंह 82118
डॉ राजेश 86301

गोविंदगंज
राधामोहन सिंह 89629
डॉ राजेश 55641

केसरिया
राधामोहन सिंह 82481
डॉ राजेश 61589

कल्याणपुर
राधामोहन सिंह 83104
डॉ राजेश 69090

पीपरा
राधामोहन सिंह- 101153
डॉ राजेश कुमार-96658

मोतिहारी
राधामोहन सिंह -102026
डॉ राजेश कुमार-81428









## नाबालिक लड़की के अपहरण मामले में एक गिरफ्तार

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकि नगर थाना में 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को उसके पड़ोसी द्वारा बहला फुसलाकर शादी की नीयत से अपहरण कर लेने का आरोप लगाते हुए आरोपी के बहनोई और फूफा के परिवार के आठ लोगों के विरुद्ध वाल्मीकि नगर थाने में लड़की के पिता ने कांड दर्ज कराया था । पिता ने अपने आवेदन में बताया की उसके पड़ोसी का साला उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर के भगा ले गया है। उसके आवेदन पर अनिल राम, सुनील राम, शांति देवी, किशोर राम ,अंजू देवी ,दारा राम, मनजीत कुमार, रंजीत कुमार, के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि आवेदन के आलोक में कांड संख्या 47/24 दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। और एक आरोपी अनिल राम को गिरफ्तार किया है।

## नहाने के क्रम में डूबी किशोरी का मिला शव दूसरे की खोज जारी

चाणक्य भूमि बेतिया

सोमवार की देर शाम नगर के पुअर हाउस के समीप गंडक नदी में नहाने के क्रम में गंडक नदी में लापता दो बच्चियों में से एक के शव को एसडीआरएफ की टीम ने मंगलवार की दोपहर गंडक नदी से बरामद कर लिया है। वहीं दूसरी किशोरी के शव को खोजने में एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम के द्वारा काफी खोजबीन के बाद गंडक नदी के बीच में बने टापू से अवध बिहारी की पुत्री तकली उर्फ मनीषा कुमारी के शव को बरामद किया गया है।वही राजेश गोंड की पुत्री प्रतिमा कुमारी की खोज भी अभी जारी है। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। गौरतलब हो कि सोमवार की दोपहर करीब 3 बजे पुअर हाउस के समीप दो बच्चियां गंडक नदी में नहा रही थी। इसी दौरान नदी के गहरे पानी में चली गई थी। जिससे वह गंडक नदी में डूब गई थी। स्थानीय गोताखोरों के द्वारा दोनों की खोज की जा रही थी। काफी मशक्कत के बाद दोनों का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद नगर थाने की पुलिस के द्वारा इसकी सूचना बगहा एक सीओ की दी गई एवं नदी में लापता लड़कियों की खोज के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम के काफी मशक्कत के बाद मंगलवार की दोपहर एक किशोरी के शव को नदी से बरामद किया गया। वहीं एसडीआरएफ की टीम दूसरी की खोज में अभी भी जुटी हुई है।

## जदयू के शंभु गुप्ता ने एन डी ए उम्मीदवारों को जीत पर बधाई दी



चाणक्य भूमि बेतिया

जदयू के शंभु गुप्ता जो कि जदयू के पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष है। उन्होंने बिहार मे एन डी ए उम्मीदवारों की जीत पर खुशी जाहिर करते हुये मिठाइयाँ बाँटी और कहा कि चंपारण जिले की चारो सीटों पर एन डी ए उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहराया है। उन्होंने इस अवसर पर बोलते हुये नीतीश कुमार के साथ ही मोदी जी की जमकर तारीफ की और कहा कि उनलोगों की बेहतर सोच की वजह से ही आज बिहार और देश दोनों ही तरक्की कर रहे है।

## डा0 लाल पैथो लैब का कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ हुआ है

चाणक्य भूमि

**तुरकौलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सरकारी हास्पिटल) के नजदीक डा0 लाल पैथो लैब का कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ हुआ है। उदघाटन राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व मुखिया बेबी आलम ने फीता काटकर किया। तुरकौलिया स्कूल चौक से मुख्यालय के तरफ जाने वाली सड़क में सीएचसी के समीप डा0 लाल पैथो का कलेक्शन सेंटर खुला है। डा0 लाल पैथो पुरे विहार में अपनी पैर जमाते हुए कलेक्शन सेंटर खोल रहा है। इसी कड़ी में तुरकौलिया में भी इसका कलेक्शन काउंटर खोला गया है। उत्तर विहार के सभी लैबों को कंट्रोल करने के लिए मुजफ्फरपुर



में मुख्यालय बनाया गया है। जहां सभी प्रकार की जांच की जाती है। उदघाटन के दौरान तुरकौलिया पूर्वी पंचायत की पूर्व मुखिया बेबी आलम ने कहा कि तुरकौलिया में डा0 लाल पैथो लैब का पहला कलेक्शन सेंटर खुला है। जहां सभी तरह की जांच आधुनिक मेडिकल इक्विपमेंट द्वारा की जाएगी। जिससे बीमारी का डायनोगसिस करने में आसानी होगी। सही जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इलाज करने में भी चिकित्सकों को काफी सहूलियत होगी। पूर्व मुखिया सह एबी हास्पिटल की डायरेक्टर बेबी आलम ने यह भी कहा कि अब रोगियों को किसी भी प्रकार की जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना नही पड़ेगा। यहां तक की शहर जाने की भी जरूरत नही पड़ेगी। चिकित्सक जगत में डा0 लाल पैथो लैब एक प्रसिद्ध नाम है। जहां जांच रिपोर्ट में हंड्रेड परसेंट एक्यूरेसी मिलता है। तुरकौलिया में भी इसका कलेक्शन सेंटर खुला है। यह एक अच्छी बात है। रोगियों को भी बढ़िया जांच रिपोर्ट के लिए दुसरे जगहों पर नही जाना पड़ेगा। उदघाटन के दौरान जाने-माने चिकित्सक डा0 अफजल आलम, प्रोपराइटर प्रदीप पाठक, वीकेश पाठक, राहुल तिवारी, संतोष कुमार, पंसस शहजाद अंसारी, उप प्रमुख पुत्र आफताब आलम आदि मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714